निदेशालय तकनीकी शिक्षा,
व्यावसायिक एंव औद्योगिक प्रशिक्षण, हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर।

हिमाचल प्रदेश में स्थित राजकीय/ निजी आई0टी0आई0 में दाखिला सत्र 2023-2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा राज्य के राजकीय/ निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (I.T.I.) में सत्र 2023-2024 के लिए प्रवेश हेतु काउंसलिंग शैडयूल जारी कर दिया गया है (प्रति संल्गित)।

- प्रवेश हेतु काउंसलिंग शैडयूल एवं विवरण पुस्तिका (Prospectus) हिमाचल प्रदेश, तकनीकी शिक्षा बोर्ड, धमशाला की वैबसाईट (www.hptechboard.com) पर उपलब्ध है।
- अभ्यार्थियों को सुझाव दिया जाता है कि ऑनलाईन आवेदन से पहले वैबसाईट पर उपलब्ध Prospectus/ Guidelines का अच्छी तरह से अवलोकन/ अध्ययन कर लें।
- विभिन्न राजकीय/ निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु उपलब्ध व्यवसायों का ब्यौरा विवरण पुस्तिका (ऑनलाइन उपलब्ध) में दिया गया है।
- अभ्यार्थी ऑनलाइन आवेदन हेतु पासपोर्ट साइज का फोटो एवं हस्ताक्षर (images should be less than 200 KB) स्कैन करके रखें।
- राजकीय/ निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पोर्टल (पोर्टल का लिंक हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड की वेब साईट पर उपलब्ध होगा) के माध्यम से आवेदन करें।
- हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की अधिसूचना संख्या क्रमांक हि.शि.बो.(2)सामान्य/208/ समकक्षता/मद22(2)/2015-3920-3933 दिनांक 30-06-2015 के अंतर्गत चुनिंदा व्यवसायों (जिनकी पात्रता परीक्षा दसवीं है) के प्रशिक्षणार्थियों को आईटीआई की परीक्षा के साथ अंग्रेजी भाषा एवं गणित या अन्य विषयों में से एक विषय (प्रयोगात्मक विषयों को छोड़कर) उतीर्ण करने के पश्चात हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड 10+2 कला संकाय का प्रमाण पत्र* प्रदान करेगा।
- राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (NIOS) की अधिसूचना संख्या F-23-1-11/2016/NIOS/SSS/Acc/11 दिनांक 18-07-2016 के अंतर्गत भी शर्तोनुसार चुनिंदा व्यवसायों के प्रशिक्षणार्थियों को आईटीआई की परीक्षा के साथ दो विषयों (एक भाषा एवं एक शैक्षणिक विषय) की परीक्षा उतीर्ण करने के पश्चात राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (NIOS) 10+2 का प्रमाण पत्र* प्रदान करेगा।
- प्रवेश सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए Toll Free No. 1800-180-8027 पर प्रत्येक कार्यदिवस को प्रातः 10:00 से शाम 05:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।
- राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की एन०सी०वी०टी० से सम्बन्द्धता बारे स्थिति एवं संस्थान की ग्रेडिंग बारे NCVT MIS पोर्टल www.ncvtmis.gov.in पर देख सकते हैं।
- आवेदन करती बार अभ्यार्थी अपना सही मोबाइल नंबर एवं ई-मेल लिखें ताकि उन्हें प्रशिक्षण के समय एवं प्रमाण पत्र प्राप्त करने तक कोई समस्या न आये ।
- **माननीय उच्च न्यायालय CWP No 3018/2023 के परिणाम के आधार पर निजी आईटीआई की शुल्क संरचना निर्धारित होगी ।**
- **प्रशिक्षण महानिदेशालय से सत्र 2023-24 में भरी जानी वाली सीटों का ब्यौरा अभी प्राप्त नहीं हुआ है, अतः प्रशिक्षण महानिदेशालय से सत्र 2023-24 हेतु सीटों का ब्यौरा जारी करने के उपरान्त सीटें/ व्यवसाय कम ज्यादा हो सकते हैं ।**

*अधिसूचनाओं में दी गई शर्तों के अनुसार

xxx

निदेशक,

तकनीकी शिक्षा,

व्यवसायिक एंव औद्योगिक प्रशिक्षण,

हिमाचल प्रदेश सुन्दरनगर